# AF-2097

B.A. (Part - III)
Term End Examination, 2017-18

## HINDI LITERATURE

Paper - II

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

**1.** हिन्दी भाषा के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए। 11

***अथवा***

भारतीय आर्य-भाषाओं के विकास पर प्रकाश डालिए।

**2.** हिन्दी शब्द-भंडार को कितने वर्गों में विभक्त किया गया है? उदाहरण सहित समझाइए। 11

***अथवा***

'आगत-शब्द' किसे कहते हैं? किन्हीं दस आगत शब्दों को लिखिए।

**3.** हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में 'रीतिकाल' का वैशिष्ट्य स्पष्ट कीजिए। 11

***अथवा***

'छायावादी काव्य' के वैशिष्ट्य का उद्‌धाटन कीजिए।

**4.** काव्य के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए काव्य के तत्व समझाइए। 11

***अथवा***

काव्य-प्रयोजन से आप क्या समझते हैं? विवेचन प्रस्तुत कीजिए।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 4×4

(क) शब्दालंकार

(ख) प्रयोगवाद

(ग) राष्ट्रभाषा

(घ) छत्तीसगढ़ी भाषा

(ङ) रामकाव्य

(च) रस के प्रकार

(छ) भक्तिकाल

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पन्द्रह** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×15

(क) हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग किस काल को कहा जाता है ?

(ख) शांत रस का स्थायी भाव क्या है ?

(ग) 'विनय पत्रिका' के रचनाकार कौन हैं?

(घ) 'नाट्यशास्त्र' के रचनाकर का नाम लिखिए।

(ङ) सूफी काव्य परम्परा की प्रमुख रचना का नाम लिखिए।

(च) 'भाषा का डिक्टेटर' किसे कहा जाता है ?

(छ) 'चरण-कमल' में कौन सा अलंकार है ?

(ज) किस रस को रसराज कहा जाता है ?

(झ) 'हंस' पत्रिका के प्रथम संपादक का नाम लिखिए।

(ञ) कबीर के काव्य की भाषा क्या कहलाती है ?

(ट) छायावाद के चार आधार-स्तंभ कौन से हैं ?

(ठ) रीतिमुक्त काव्यधारा के प्रतिनिधि कवि कौन हैं ?

(ड) राष्ट्रीय काव्यधारा के किसी एक कवि का नाम लिखिए।

(ढ) 'मैथिल कोकिल' किस कवि को कहा जाता है ?

(ण) 'कथा सम्राट' किसे कहा जाता है?

(त) हिन्दी साहित्य की दो महिला कथाकारों के नाम लिखिए।

(थ) जायसी का पुरा नाम लिखिए।

(द) 'छत्तीसगढ़ी' किस भाषा-वर्ग की बोली है?

(ध) हिन्दी साहित्य का पहला इतिहास किस भाषा में लिखा गया?

(न) किसी एक दोहे का उदाहरण लिखिए।